“Uses of Statistical Tools in Research”

विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला का आयोजन

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 06/07/2022 को Uses of Statistical Tools in Research विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन दो सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र का प्रारम्भ प्रातः 11:00 बजे वेद पाठ से किया गया। इसके पश्चात श्री आनन्द नन्दवानी, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय ने स्वागत भाषण एवं उद्घाटन उद्बोधन किया। इसके पश्चात परिसर प्रभारी एवं वेद विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उमाशंकर तिवारी द्वारा विश्वविद्यालय का संक्षिप्त परिचय दिया गया। इस कार्यक्रम के **मुख्यवक्ता के रूप में श्री अतुल गर्ग, सहायक प्राध्यापक,** SDIMT **जगादरी हरियाणा** रहे। आपने अपने प्रथम सत्र के वक्तव्य में शोध कार्य में प्रयोग होने किये जाने वाले विभिन्न सांख्यिकी परीक्षणों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। आपने बताया की शोध कार्य में सहसम्बंध, टी. टैस्ट, जैड टैस्ट, काई वर्ग परीक्षण आदि की क्या उपयोगिता है। द्वितीय सत्र जो कि 03:00 बजे से 05:00 के बीच था उसमें मुख्यवक्ता ने बताया की भिन्न – भिन्न चरों में कौन से सांख्यिकी परीक्षणों को अपनाया जाता है व इसकी गणना कैसे की जाती है, इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी के साथ– साथ Statistical Package for the Social Science (SPSS) सॉफ्टवेयर का सांख्यिकीय विश्लेशण में होने वाले उपयोग की भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रश्नोत्तर काल में शोधार्थियों के विभिन्न शोध संबंधि समस्यों का हल किया गया। इस वैबिनार में जुडे मुख्यवक्ता एवं समस्त प्राध्यापकों, प्रतिभागियों, शोधार्थियों एवं छात्र–छात्राओं का आभार प्रदर्शन डॉ. मुकेश कुमार गोयल, समन्वयक आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ (IQAC), के द्वारा दिया गया।